**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त विभाग**
**मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर**

**आदेश**

**नया रायपुर, दिनांक 25 सितम्बर 2015**

कमांक 879/सम./ब–4/चार :: वित्त विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आकस्मिक व ऐच्छिक अवकाश स्वीकृति हेतु जारी विभागीय आदेश क्रमांक 2329/2011/ब–4/चार, दिनांक 9.3.2012 को अधिक्रमित करते हुए वित्त विभाग में पदस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों (भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्यों को छोड़) के आकस्मिक व ऐच्छिक अवकाश के आवेदनों पर अवकाश की अनुशंसा एवं स्वीकृति हेतु निम्नानुसार अधिकारीगण सक्षम होंगे :–

| क्र. | पदनाम | अनुशंसा करने हेतु सक्षम अधिकारी | अवकाश स्वीकृति हेतु अधिकारी |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | संयुक्त सचिव / उप सचिव | – | वित्त सचिव |
| 2 | अवर सचिव / शोध अधिकारी / विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी तीन दिवस से अधिक का आकस्मिक अवकाश (ऐच्छिक अवकाश सहित) | संबंधित विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव (एकाधिक अधिकारी के अधीन कार्य–विभाजन अनुसार कार्य करने की दशा में उनमें से वरिष्ठतम अधिकारी ) | वित्त सचिव |
| 3 | अवर सचिव / शोध अधिकारी / विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी को 3 दिवस तक आकस्मिक व ऐच्छिक अवकाश | – | संबंधित विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव (एकाधिक अधिकारी के अधीन कार्य–विभाजन अनुसार कार्य करने की दशा में उनमें से वरिष्ठतम अधिकारी ) |
| 4 | अनुभाग अधिकारी | संबंधित अवर सचिव/शोध अधिकारी/ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (एकाधिक अधिकारी के अधीन कार्य–विभाजन अनुसार कार्य करने की दशा में उनमें से वरिष्ठतम अधिकारी ) | संयुक्त सचिव / उप सचिव (एकाधिक अधिकारी के अधीन कार्य–विभाजन अनुसार कार्य करने की दशा में उनमें से वरिष्ठतम अधिकारी ) |
| 5 | सचिव / विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव का निजी स्टाफ या स्टाफ आफिसर के कृत्यों का निर्वहन करने वाला अधिकारी | – | संबंधित सचिव / विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव |
| 6 | समस्त सहायक | संबंधित अनुभाग अधिकारी | संबंधित अवर सचिव / शोध अधिकारी / विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी |
| 7 | समस्त भृत्य | – | संबंधित अनुभाग अधिकारी |



2315

2. समस्त आकस्मिक व ऐच्छिक अवकाश के आवेदन स्वीकृति उपरांत संधारण हेतु समन्वय शाखा को प्रेषित किये जाएंगे ।

(सतीश पाण्डेय) 23/09/15
संयुक्त सचिव
दूरभाष क्र.0771–2510734

पृ.क्रमांक 880 /सम./ब–4/चार/ नया रायपुर, दिनांक 24 /09/2015

प्रतिलिपिः–

1. सचिव वित्त के निज सहायक, मंत्रालय
2. समस्त विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव, वित्त के निज सहायक, मंत्रालय
3. समस्त अवर सचिव / शोध अधिकारी / विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त विभाग, मंत्रालय
4. समस्त अनुभाग अधिकारी, वित्त विभाग, मंत्रालय
5. समस्त कर्मचारी, वित्त विभाग

की ओर पालनार्थ ।

(राघवेन्द्र कुमार)
विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी
दूरभाष क्र. 0771–2510445